जिन्दगी इतनी मुश्किल इसलिए है क्यूंकि लोग आसानी से मिली चीज की कीमत नहीं जानते

आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-261 ● कटनी ● मंगलवार, 26 अक्टूबर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक कृष्ण पक्ष -6 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935


विश्वकप विशेष पृष्ठ 7 पर

# 30 प्रीडेटर ड्रोन से दुश्मन पर होगा और जोरदार हमला

**नई दिल्ली।** अपनी सीमाओं को दुश्मन से सुरक्षित रखने या फिर किसी भी घुसपैठ और हमले का माकूल जवाब देने के लिए भारतीय सेना अमेरिका से 30 रून्क9 प्रीडेटर ड्रोन का अधिग्रहण करने जा रही है। संभव है कि दिसंबर में होने जा रही दोनों देशों के बीच बैठक में इस रक्षा सौदे की घोषणा कर दी जाए। अधिकारियों के मुताबिक, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर दिसंबर में अपने समकक्षों एंटोनी ब्लिंकन व लॉयड ऑस्टिल से वाशिंगटन में मुलाकात करेंगे। इस द्विपक्षीय वार्ता के दौरान यह महत्वपूर्ण घोषणा की जा सकती है।

अफगानिस्तान पर तालिबान के राज और चीन के आक्रामक रुख के खिलाफ हिंद प्रशांत क्षेत्र में फैल रही अशांति को देखते हुए प्रीडेटर ड्रोन का अधिग्रहण महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस संबंध में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि, दिसंबर में होने जा रही बैठक में इस संबंध में सरकारी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### तीनों सेनाओं को मिलेंगे 10-10 ड्रोन

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सेना की तीनों टुकड़ियों को 10-10 प्रीडेटर ड्रोन दिए जाएंगे। चूंकि, भारतीय नौ सेना पहले से ही दो प्रीडेटर ड्रोन का इस्तेमाल कर रही है। इसलिए अधिग्रहण प्रक्रिया भारतीय वायु सेना व भारतीय सेना की देखरेख में पूरी हो रही है।



### भारत के लिए बहुत अहम हैं प्रीडेटर ड्रोन

चीन के बढ़ रही तनातनी व अन्य पड़ोसी देशों के रुख को देखते हुए यह रक्षा सौदा भारत के लिए बहुत अहम है। चूंकि, चीन की विंग लूंग इन सशस्त्र ड्रोन को पाकिस्तान को बेच रहा है। ये ड्रोन हवा से सतह में 12 मिसाइल लांच कर सकने में सक्षम है। वहीं पाकिस्तान के सहयोगी तुर्की ने भी 2020 में इस क्षमता को हासिल कर लिया था और लीबिया और सीरिया के खिलाफ युद्ध में इन ड्रोन का इस्तेमाल किया था।

### प्रीडेटर ड्रोन की खासियत

प्रीडेटर ड्रोन हवा से सतह पर हमला करने में सक्षम हैं और ये कई तरह के हथियारों और बम को गिराकर दुश्मन को धूल चटा सकते हैं। खास बात यह है कि यह ड्रोन तीस घंटे से भी अधिक समय तक आसमान में टिके रहने में सक्षम है।

## फटाफट खबरें



### चिरायु अस्पताल में कोरोना से मौत, मात्र 24 घंटे में दम तोड़ा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पिछले 3 दिनों से कोरोनावायरस से संक्रमित मरीजों के मिलने का सिलसिला थोड़ा तेज हुआ और आज चिरायु अस्पताल में कोविड-19 पॉजिटिव मरीज की मौत की खबर आ गई। बताया गया है कि भर्ती होने के मात्र 24 घंटे के भीतर मरीज ने दम तोड़ दिया। पूरे 100 दिन के बाद त्यौहार से पहले मौत की खबर ने भोपाल में चिंता बढ़ा दी है। हेल्थ डिपार्टमेंट से मिली जानकारी के अनुसार कोलार के रहने वाले 65 वर्षीय व्यक्ति को रविवार को भर्ती किया गया था। जांच रिपोर्ट में 19 पॉजिटिव पाया गया था। चिरायु हॉस्पिटल की तरफ से बताया गया है कि मरीज का शुगर का स्तर बहुत ज्यादा था।



### दुल्हन का जोड़ा पहनकर पत्नी ने दी शहीद पति को आखिरी विदाई

**नई दिल्ली।** अरुणाचल प्रदेश में पेट्रोलिंग के दौरान शहीद हुए मंडी के जोगिंदर नगर के भटवाड़ा गांव के नायक अमित कुमार का पार्थिव शरीर उनके पैतृक गांव में मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पहुंचा। इस दौरान भारत माता की जय के नारे गूंजते रहे। सुहागिन के जोड़े में पत्नी ने शहीद पति को अश्रुपूर्ण विदाई दी । परिजनों की आंखों से भी आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे थे। 23 अक्तूबर को पेट्रोलिंग के दौरान सड़क हादसे में नायक अमित की मौत हो गई थी।

### मध्य प्रदेश में आज से बढ़ेगी ठंड, गिरेगा रात का पारा

**भोपाल।** जम्मू-कश्मीर क्षेत्र पर सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ अब आगे बढ़ने लगा है। इसके चलते हवाओं का रुख उत्तरी और उत्तर पश्चिमी होने लगा है। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हाल ही में उत्तर भारत के पहाड़ों पर जबर्दस्त बर्फबारी और बारिश हुई है। इस वजह से अब उत्तर भारत की तरफ से मैदानी क्षेत्रों की तरफ आने लगी सर्द हवाओं से मंगलवार से मध्यप्रदेश में ठंड बढ़ने की संभावना है। विशेषकर न्यूनतम तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू होगा। सोमवार को राजधानी का अधिकतम तापमान 30.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।








## जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा में ग्रेनेड हमला, गाड़ियों के टूटे शीशे, कई नागरिक घायल

**जम्मू।** उत्तरी कश्मीर के बांदीपोरा के सुंबल पुल इलाके में मंगलवार को आतंकवादियों के ग्रेनेड हमले में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। धमाके में कई वाहनों के शीशे टूट गए हैं। अचानक हुए इस हमले के बाद मौके पर भगदड़ मच गई। हमले की सूचना के बाद सुरक्षाबल इलाके में पहुंच गए हैं। सभी घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक, आर्तंकियों ने सुरक्षाबलों को निशाना बनाते हुए ग्रेनेड हमला किया था। ग्रेनेड सड़क के दूसरी तरफ गिरने के बाद फटा गया। इसकी चपेट में आने से छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में मोहम्मद अल्ताफ निवासी नानिनारा, फैसल फयाजी निवासी सफापोरा, मुश्ताक आह निवासी मारकुंडल, तसलीमा बानो निवासी मारकुंडल, अब हमीद निवासी मारकुंडल और फयाज आह निवासी आशम शामिल है। सभी घायलों की हालत स्थिर बताई जा रही है।

# समीर वानखेड़े पर एक और जबरन वसूली का आरोप

**मुंबई।** मुंबई पुलिस की एक वकील सुधा द्विवेदी ने एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े और पांच अन्य के खिलाफ क्रूज पर मादक पदार्थ मामले में कथित रूप से जबरन वसूली के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। यह जानकारी एक अधिकारी ने दी। अधिकारी के अनुसार, वकील सुधा द्विवेदी ने लिखित शिकायत एमआरए मार्ग पुलिस थाने और संयुक्त पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंभे और राज्य भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के कार्यालयों में भी दी है। द्विवेदी ने शिकायत में वानखेड़े तथा प्रभाकर सैल एवं के. पी. गोसावी सहित पांच अन्य के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया है। एक अन्य अधिकारी ने इस मामले में कहा कि हमें शिकायत मिली है, लेकिन अब तक कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।



### स्वतंत्र गवाह प्रभाकर सैल ने लगाए थे गंभीर आरोप

उल्लेखनीय है कि रविवार को, मामले के एक स्वतंत्र गवाह प्रभाकर सैल ने मीडिया को दिए एक बयान में दावा किया था कि एनसीबी के एक अधिकारी और फरार गवाह गोसावी सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा आर्यन खान को मादक पदार्थ मामले में छोड़ने के लिए 25 करोड़ रुपये की मांग की गई थी।

### व्हाट्सएप चैट में लिखा- तुम ले आना मैं चुपके से ले लूंगा

वहीं इस मामले में एक और चेट सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार सामने आई चैट में आर्यन खान अचित कुमार नामक एक व्यक्ति से थोक में ड्रग्स खरीदने की बात कर रहा है। आर्यन खान ने अचित कुमार से 80,000 रुपये की ड्रग्स मंगवाई थी। आर्यन खान के फोन से बरामद किए गए इन व्हाट्सएप डेटा में दो अन्य लोगों के साथ ड्रग्स पर ग्रुप चैट भी दिखाई दे रही है। जिसमें लिखा है मैं चुपके से ले लूंगा

### आर्यन खान की जमानत याचिका पर आज सुनवाई

मुंबई क्रूज ड्रग्स छापेमारी मामले में गिरफ्तार बॉलीवुड स्टार शाहरुख खान के बेटे आर्यन खान की जमानत याचिका पर बॉम्बे हाईकोर्ट में मंगलवार यानी आज सुनवाई होगी। मामले सुनवाई के दौरान भारत के पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी भी मौजूद रहेंगे।

## दुष्कर्म का आरोपित विधायक का बेटा करण मोरवाल गिरफ्तार



**इंदौर।** दुष्कर्म के आरोप में फरार चल रहे बड़नगर के कांग्रेसी विधायक मुरली मोरवाल के बेटे करण मोरवाल को इंदौर की महिला थाना पुलिस ने मक्सी से गिरफ्तार कर लिया है। उसे महिला थाना पुलिस इंदौर लेकर पहुंची है। इंदौर पुलिस और महिला थाना पुलिस को उसकी लंबे समय से तलाश थी। करण पर इंदौर के राजेन्द्र नगर में रहने वाली महिला नेत्री ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। महिला थाना पुलिस ने करण को मक्सी बायपास पर पकड़ा। वह अपने दोस्त राहुल के साथ भागने की फिराक में था। पुलिस ने उनकी कार भी जब्त कर ली है। कुछ ही दिनों में प्रदेश में उपचुनाव होने हैं, ऐसे में हालांकि मोरवाल की गिरफ्तारी के टाइमिंग को लेकर भी राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। करीब छह महीने से फरार चल रहा था करण मोरवाल और पुलिस ने उसे भगोड़ा घोषित कर दिया था। इस दौरान पुलिस ने करण पर घोषित इनामी राशि को दो बार बढ़ दिया था। पुलिस ने पहले 10000 रुपये से बढ़ाकर इनामी राशि 15 हजार रुपये की थी। इसके बाद कुछ ही दिनों पहले इसे फिर से बढ़ाकर 25 हजार रुपये कर दी थी।कुछ ही दिन पहले प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने भी चेतावनी देते हुए कहा था कि करण जल्द ही सरेंडर करें नहीं तो ऐसी कार्रवाई की जाएगी जो दूसरे लोगों के लिए नजीर बनेगी।

### सुप्रीम कोर्ट का यूपी सरकार से सवाल

## रैली में सैंकड़ों किसान लेकिन चश्मदीद गवाह सिर्फ 23 क्यों?



**नई दिल्ली।** लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में आज फिर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को घटना के गवाहों को सुरक्षा देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने यूपी सरकार से लखीमपुर हिंसा में पत्रकार रमन कश्यप और एक श्याम सुंदर की हत्या की जांच पर जवाब दाखिल करने को भी कहा है। अब मामले की अगली सुनवाई आठ नवंबर को होगी। सुप्रीम कोर्ट ने इस दौरान यूपी सरकार से कई सवाल भी किए। सुनवाई के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने स्टेटस रिपोर्ट सौंपते हुए सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 68 गवाहों में से 30 गवाहों के बयान दर्ज किए गए हैं और 23 लोगों ने घटना के चश्मदीद होने का दावा किया है। इसपर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि रैली में सैकड़ों किसान थे और सिर्फ 23 चश्मदीद गवाह बने? फिर साल्वे ने जवाब देते हुए कहा कि हमने गवाही के लिए विज्ञापन जारी भी किया।



## हनुमान जी की शरण में केजरीवाल

**अयोध्या।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार की सुबह अयोध्या के हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा की। इसके बाद सीएम केजरीवाल ने राम जन्मभूमि में भगवान राम की पूजा-अर्चना की। दर्शन करने के बाद केजरीवाल ने कहा कि आज मुझे भगवान के दर्शन करने का सौभाग्य मिला। मैं चाहता हूं कि यह सौभाग्य हर भारतवासी को प्राप्त हो।

## महबूबा बोलीं- पाक की जीत के जश्न पर गुस्सा क्यों? संबित से मिला कड़ा जवाब



**श्रीनगर।** टी-20 विश्व कप में भारत को पाकिस्तान के सामने करारी हार का सामना करना पड़ा था, लेकिन अब इस मामले में सियासत भी शुरू हो गई है। पाकिस्तान की जीत के बाद जम्मू कश्मीर के कई इलाकों में खुशियां मनाने के साथ ही आतिशबाजी होने की खबर भी आई थी और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने 6 लोगों को हिरासत ले लिया था। जम्मू कश्मीर पुलिस की इस कार्रवाई पर अब पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने कहा कि सबसे पहले पाकिस्तानी टीम को बधाई देने वाले विराट कोहली थे। ऐसे में पाकिस्तान की जीत का जश्न मनाने पर इतना गुस्सा क्यों है। वहीं अब इस मामले में भाजपा नेता संबित पात्रा ने भी महबूबा मुफ्ती पर पलटवार किया है। संबित पात्रा ने किया पलटवार महबूबा मुफ्ती के बयान पर भाजपा नेता संबित पात्रा ने कहा कि अगर हमारे देश में पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाया जाए तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि इससे पहले इन्होंने तब भी जश्न मनाया था, जब छत्तीसगढ़ में 76 सीआरपीएफ के जवान शहीद हुए थे। उस दिन भी पटाखे फोड़े गए थे और उसके साथ शेरों - शायरी भी की गई थी। संबित पात्रा ने कहा कि देश सब कुछ देख रहा है। ये सारी बातें जनता तक पहुंच रही हैं। पीडीपी नेता महबूबा मुफ्ती ने ट्वीट में लिखा था कि कश्मीरियों को कथित तौर पर धमकाया जा रहा था और उन्हें देशद्रोही कहने वाले नारे लगाए जा रहे थे। महबूबा ने सवाल किया कि पड़ोसी देश की जीत के खिलाफ गुस्सा क्यों जता रहे हैं। कोई ये नहीं भूल सकता कि जम्मू-कश्मीर के अलग होने और विशेष दर्जा छीनने पर कितने लोगों ने मिठाइयां बांटकर जश्न मनाया था। पूर्व क्रिकेटर गौतम गंभीर ने पाकिस्तान की जीत पर जश्न मनाने को शर्मनाक बताया है।



## चीन में फिर बढ़ा कोरोना लग गया लॉकडाउन

**बीजिंग।** चीन के वुहान से शुरू हुआ कोरोना संक्रमण एक बार फिर से लौटने लगा है। चीन के कई प्रांतों में कोरोना के नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। अब खबर आ रही है कि चीन के लांझू शहर में कोरोना संक्रमितों की बढ़ती संख्या को देखते हुए पूरी तरह लॉकडाउन लगा दिया गया है। चार लाख की आबादी वाले इस शहर में आपातस्थिति के अलावा लोगों के घरों से निकलने पर पाबंदी लगा दी गई है।

## सोनिया ने बुलाई पीसीसी चीफ, महासचिवों की बैठक`

**नई दिल्ली।** 5 राज्यों में विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी ने मंगलवार को दिल्ली में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों, प्रदेश प्रभारियों और पार्टी महासचिवों की अहम बैठक बुलाई। इस दौरान सोनिया गांधी ने साफ कहा कि हमें व्यक्तिगत महात्वाकांक्षाओं को दूर रखकर भाजपा के झूठ का पर्दाफाश करना चाहिए। इस दौरान राहुल गांधी, प्रियंका गांधी व पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। सोनिया गांधी ने महासचिवों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षों से कहा कि हमें वैचारिक रूप से भाजपा और आरएसएस द्वारा चलाए जा रहे झूठे एजेंडे से लड़ना है। इस लड़ाई को जीतना है तो दृढ़ संकल्प के साथ हमें आगे बढ़ना होगा और लोगों के सामने सच लाना होगा। एकता सर्वोपरि, महत्वाकांक्षाओं को दूर रखें सोनिया गांधी ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि पार्टी के अंदर एकता की बहुत कमी है। मैं फिर से कहना चाहूंगी कि अनुशासन और एकता सर्वोपरि है। हमारे लिए सबसे ज्यादा जरूरी यह है कि हम व्यक्तिगत महात्वाकांक्षाओं को दूर रखकर पार्टी हित में काम करें। कांग्रेस पार्टी की विचारधारा,लोकतंत्र व संविधान की तरह झूठ को पहचानने और उसका मुकाबला करने के साथ शुरू होती है।



## पंचायत चुनाव : सुनवाई तीन दिन आगे बढ़ी




**जबलपुर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य में पंचायत चुनाव शीघ्र कराए जाने की मांग संबंधी मामले की सुनवाई तीन दिन के लिए बढ़ा दी है। साथ ही राज्य शासन से रिपोर्ट तलब कर ली है। अगली सुनवाई 28 अक्टूबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश रवि विजय कुमार मलिमथ व जस्टिस विजय कुमार शुक्ला की युगलपीठ ने पंचायत चुनाव संबंधी सभी मामले एक साथ सुने जाने की व्यवस्था दी है। दमोह निवासी जया ठाकुर की ओर से दलील दी गई कि कोविड का खतरा टलने के बावजूद पंचायत चुनाव बेवजह आगे बढ़ाए जा रहे हैं। ऐसे में राज्य शासन को निर्देश जारी किए जाने चाहिए। चुनाव आयोग की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ सेठ ने साफ किया कि आयोग हालात का जायजा लेने के बाद ही कोई कदम उठाएगा। जब तक पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित नहीं होती, इस दिशा में कदम नहीं बढ़ाया जा सकता। हालांकि सरकार अपने स्तर पर कार्रवाई कर रिपोर्ट पेश करने स्वतंत्र है। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने अवगत कराया कि पंचायत चुनाव को लेकर पूर्व में सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने दिशा-निर्देश जारी किए थे। चुनाव आयोग ने अंडरटेकिंग भी दी थी।

# बुजुर्ग, दिव्यांग और कोविड संक्रमित घर से दे सकेंगे वोट

**देहरादून।** आगामी विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग बुजुर्गों, दिव्यांगों और कोविड पॉजिटिव या कोविड संदिग्ध वोटरों को घर से वोट देने की सुविधा देने जा रहा है। इसकी तैयारी तेज कर दी गई है। पहली बार विधानसभा चुनाव में यह सुविधा दी जाएगी। दरअसल, अभी तक केवल पुलिसकर्मी, चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी और सेना के अधिकारी व सिपाही ही पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल करते आए हैं। पहली बार यह सुविधा बुजुर्गों, दिव्यांगों और कोविड पॉजिटिव के लिए शुरू होने जा रही है। चुनाव आयोग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत 80 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग अगर चाहेंगे तो अपने घर से ही पोस्टल बैलेट के माध्यम से मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इसी प्रकार, दिव्यांग मतदाता अगर चाहेंगे तो पोस्टल बैलेट का इस्तेमाल कर सकेंगे। वहीं, कोविड पॉजिटिव या कोविड लक्षणों वाले मतदाताओं को भी यह सुविधा दी जाएगी।



हालांकि, इन सभी में से अगर चाहेंगे तो वह पोलिंग बूथ पर जाकर भी वोट डाल सकते हैं। केवल कोविड के मरीजों या संदिग्धों को बूथ पर सबसे बाद में एंट्री दी जाएगी। उनके वोट डालने के दौरान कोविड से बचाव की सभी गाइडलाइन का पालन किया जाएगा। इसके तहत हो सकता है कि ऐसे लोगों को पीपीई किट पहनकर वोट डालना पड़े। चुनाव आयोग के मुताबिक, घर बैठे वोट डालने के लिए पात्र मतदाताओं को पहले फॉर्म 12-डी भरना होगा। इस फॉर्म को भरने के बाद निर्वाचन विभाग ऐसे आवेदकों का वेरिफिकेशन कराएगा। वेरिफिकेशन के बाद उन्हें विभाग की ओर से घर पर ही पोस्टल बैलेट उपलब्ध कराया जाएगा। जिसे भरकर वह जमा करा सकेंगे।

### जनवरी से आचार संहिता?

आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस बीच खबर है कि चुनाव आयोग उत्तराखंड के चुनाव के लिए जनवरी के पहले सप्ताह में आचार संहिता लागू कर सकता है। फरवरी में प्रदेश में चुनाव होगा और इसके बाद 15 मार्च से पहले नतीजे आ जाएंगे। क्योंकि उत्तराखंड में सरकार का कार्यकाल 23 मार्च को समाप्त होने जा रहा है।

# 22 साल बाद फिर जिला पंचायत अध्यक्ष पद अनारक्षित होने के आसार

**कटनी।** दो साल देर से ही सही प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने राज्य शासन और राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनाव कार्यक्रम की घोषणा के लिए अब केवल जिला पंचायत में सदस्य और अध्यक्ष पद के आरक्षण का इंतज़ार है। दीपावली अवकाश के बाद जैसे ही जिला पंचायत के लिए आरक्षण निर्धारण की प्रक्रिया पूर्ण होगी निर्वाचन आयोग चुनाव कार्यक्रम का ऐलान कर देगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन चरणों में होना है जिसका पहला चरण नवम्बर में ही होने के आसार हैं। दूसरा और तीसरा चरण दिसम्बर में होगा। 31 दिसम्बर से पहले पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य के नतीजों की घोषणा हो जाएगी जबकि जनपद अध्यक्ष और जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव जनवरी से लेकर फरवरी-मार्च तक कराये जा सकते हैं। यह भी ख़बर है कि जनपद और जिला पंचायत के चुनाव वोटिंग मशीन से तथा पंचायत चुनाव मतपत्रों से कराये जाएंगे।

## पिछले तीन कार्यकाल में आदिवासी, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग को मिल चुका है मौका





उल्लेखनीय है कि 1999 तक कटनी प्रथक जिला नहीं बन पाया था इसलिए कटनी में जिला पंचायत अध्यक्ष का पद नहीं था। मई 1999 में कटनी के जिला बनने के बाद 2000-01 में पहली बार कटनी में जिला पंचायत अध्यक्ष का चुनाव हुआ था। पहले चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष का पद आरक्षण से मुक्त रहा और तब खितौली क्षेत्र से सदस्य चुनकर आये संजय पाठक कटनी जिला पंचायत के पहले अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। 2005 में यहां जिला पंचायत अध्यक्ष का पद अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित रहा तब बड़वारा क्षेत्र से सदस्य चुनकर आये जीवन लाल गोंटिया जिला पंचायत अध्यक्ष चुने गए थे। 2010 के चुनाव में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुसूचित जाति के खाते में चला गया और बहोरीबंद क्षेत्र से सदस्य निर्वाचित क्रांति चौधरी जिला पंचायत की अध्यक्ष चुनी गई। 2015 के चुनाव में एक बार फिर कटनी जिला पंचायत अध्यक्ष का पद आरक्षित वर्ग के हिस्से में रहा। अध्यक्ष पद अन्य पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो जाने से विजयराघवगढ़ क्षेत्र से सदस्य चुनकर आई ममता रंगलाल पटेल अध्यक्ष निर्वाचित हुईं। तब से वे ही जिला पंचायत अध्यक्ष हैं। हालांकि जिला पंचायत का कार्यकाल मार्च 2020 में समाप्त हो चुका है। कोरोना की वैश्विक महामारी के चलते प्रदेश में न तो त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराये जा सके ना ही निकाय चुनाव हो पाए हैं। लगातार तीन पंचवर्षीय कार्यकाल में अध्यक्ष का पद आरक्षित वर्ग के खाते में जाने के बाद इस बार माना जा रहा कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद आरक्षण से मुक्त रह सकता है। अगर ऐसा हुआ तो जिला पंचायत अध्यक्ष पद चुनाव के लिए रोचक एवं प्रतिष्ठापूर्ण मुकाबला देखने को मिल सकता है। फिलहाल तो जिला पंचायत सदस्य एवं अध्यक्ष पद के लिए नवम्बर में होने वाली आरक्षण प्रक्रिया का सभी को इंतजार है। प्रदेश सहित जिले की अधिकांश पंचायतों, जनपद पंचायतों और जिला पंचायतों का कार्यकाल जनवरी से लेकर मार्च 2020 तक पूरा हो चुका था। कार्यकाल पूरा होने से पहले ही राज्य शासन ने चुनावों की तैयारियां भी शुरू कर दी थी। पंचायतों के परिसीमन से लेकर मतदाता सूची अपडेट करने सहित पंच, सरपंच, जनपद सदस्य और जनपद अध्यक्ष पद के लिए आरक्षण की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई थी। केवल जिला पंचायत सदस्य और अध्यक्ष पद के लिए ही आरक्षण निर्धारण बाक़ी था। चुनाव की तिथियों का ऐलान हो पाता इससे पहले ही कोरोना की खतरनाक लहर ने सब किये कराये पर पानी फेर दिया। देश भर में लॉकडॉउन हो गया। लोग घरों में कैद हो गए। सरकारी कार्यालयों में सन्नाटा पसर गया। पहली लहर के बाद पिछले साल मार्च-अप्रैल में फिर कोरोना की दूसरी लहर ने कोहराम मचा दिया। जून माह के बाद से कोरोना न केवल नियंत्रण में है बल्कि प्रदेश में वैक्सिनेशन का कार्य भी 70- 80 फीसदी पूर्ण हो चुका है ऐसे में राज्य शासन और निर्वाचन आयोग ने एक बार फिर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां कर ली है। अब केवल जिला पंचायत के आरक्षण का इंतज़ार है। सूत्रों की माने तो 7 नवम्बर को दीपावली अवकाश समाप्त होने के बाद किसी भी दिन जिला पंचायत में आरक्षण की प्रक्रिया पूर्ण कर ली जाएगी। 15 नवम्बर के आस -पास पंचायत चुनावों की तिथियों का एलान सम्भव है।




# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य व्यक्ति का निर्माण

## विजयादशमी उत्सव पर निकला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन एवं स्वयंसेवकों ने किया शारीरिक प्रदर्शन

**कटनी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य व्यक्ति निर्माण का है एव्यक्ति निर्मित होने के बाद वह समाज में वातावरण बनाते हैं समाज में आचरण में परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं, यह स्वावलंबी पद्धति से सामूहिकता से चलने वाला काम है। संघ केवल एक ही काम करेगा व्यक्ति निर्माण यलेकिन स्वयंसेवक समाज के हित में जो करना पड़ेगा वह सब करेगा। संघ की योजना प्रत्येक गांव में, प्रत्येक गली में अच्छे स्वयंसेवक खड़े करना है अच्छे स्वयंसेवक का मतलब है. जिसका अपना चरित्र विश्वासपद हैए शुद्ध हैए जो संपूर्ण समाज को देश को अपना मान कर के काम करता हैए किसी को भेदभाव से, शत्रुता के भाव से नहीं देखताय जिसने समाज के स्नेह और विश्वास को अर्जित किया हैय ऐसा आचरण करने वाले लोगों की टोली, प्रत्येक गांव में प्रत्येक मोहल्ले में खड़ी हो। उक्ताशय के उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर विजयादशमी उत्सव के रूप में स्थानीय साधुराम विद्यालय कटनी में संपन्न हुए पथ संचलन एवं नगर के स्वयंसेवकों के शारीरिक प्रदर्शन कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कटनी जिला कार्यवाह अमित कनकने ने मुख्य वक्ता की आसंदी से व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारी पहचान हिंदू पहचान है जो हमें सभी का आदर, सभी को स्वीकार, सबका मेलमिलाप और सबका भला करना सिखाती है, भारत से निकले सभी संप्रदायों का जो सामूहिक मूल्य बोध है उसका नाम हिंदुत्व है। इसके पूर्व मुख्य अतिथि ख्यातिलब्ध चिकित्सक डॉ. राकेश रंजन ने अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि संघ को जानना और समझना है तो संघ में आकर के ही संघ के बारे में अपनी सोच अपने विचारों में सही निर्णय लिया जा सकता है।

मंच पर जिला संघचालक डॉ अमित साहू एवं नगर संघचालक किशोर ओचानी भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में प्रांत सहबौद्धिक प्रमुख उमेश मिश्रा, विभाग संघचालक किशोर बगड़िया, खंड संघचालक यशेंद्र सिंह, विभाग कार्यवाह एडवोकेट उमेश मिश्रा, सह जिला कार्यवाह संजय त्रिपाठी, विभाग व्यवस्था प्रमुख विपिन तिवारी पूरे समय उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि विजयादशमी उत्सव के पावन अवसर पर, संघ के स्थापना दिवस पर कटनी नगर के तीन स्थानों यथा डनकॉलोनी, बस स्टैंड एवं लाल ग्राउंड से एक साथ निकलकर स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में नगर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण करते हुए स्थानीय साधुराम विद्यालय में शारीरिक प्रदर्शन एवं बौद्धिक के साथ कार्यक्रम का प्रारम्भ हुआ। नगर के विभिन्न मार्गो पर दीप प्रज्वलित कर एवं वंदे मातरम के उद्घोष के साथ नागरिक जनों ने संचलन का स्वागत किया। साधुराम विद्यालय में मातृशक्ति एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में स्वयं सेवकों के शारीरिक प्रदर्शन एवं प्रसाद वितरण के साथ उत्सव का समापन हुआ।

# विजयराघवगढ़ में बुझे मन से हो रही दीपावली की तैयारी

## चार दिन में चार युवाओं के असमय अंत से शोक की लहर

विजयराघवगढ़। विजयराघवगढ़ में लोग दीपावली पर्व की तैयारी तो कर रहे पर लोगों में वह उत्साह नज़र नहीं आ रहा जैसा पहले होता था। लोग घरों में रंग रोगन सहित खरीद फ़रोख्त भी कर रहे पर सब बुझे-बुझे मन से हो रहा। पिछले चार-पांच दिन से लगातार यहां दुःखद खबरें मिल रहीं। पूर्व मंत्री और क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के युवा साले मोहित बाजपेई सहित विजयराघवगढ़ नगर के तीन युवाओं का असमय निधन हो गया है जिससे पूरी विजयराघवगढ़ नगरी शोक में डूबी हुई है।

कल सोमवार की रात विजयराघवगढ़ निवासी स्व शिव नारायण त्रिपाठी के छोटे पुत्र और राजू त्रिपाठी के अनुज संजू त्रिपाठी ने लगभग एक साल केंसर की बीमारी से लड़ते हुए अलविदा कह दिया। आज बेहद शोकपूर्ण माहौल में उसकी अंत्येष्टि हुई। अंतिम यात्रा में शामिल लोग भी विजयराघवगढ़ में हुई असमय मौतों की चर्चा करते हुए शोक व्यक्त कर रहे थे। युवाओं के असमय चले जाने का दुख सबके चेहरों पर था। संजू त्रिपाठी की मां कई साल तक विजयराघवगढ़ सामुदायिक केंद्र में स्टाफ नर्स के रूप में अपनी सेवाएं देती रहीं। सेवा से निवृत होने के कुछ ही समय बाद उनका भी निधन हो गया था। 42 वर्षीय संजू त्रिपाठी अपने दोस्तों में भी काफी लोकप्रिय थे। एक डेढ़ साल पहले ही उनकी बीमारी का पता चला था। विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने बीमारी की जानकारी मिलते ही संजू को मुम्बई के टाटा मेमोरियल अस्पताल भिजवाया था, उसका हर सम्भव उपचार किया जा रहा था पर विधाता के सामने किसी की नहीं चली। सोमवार की रात उसने अंतिम सांस ली।

इसके पहले शरद पूर्णिमा की रात विजयराघवगढ़ में ही बर्मन मुहल्ला निवासी 33 वर्षीय डाक कर्मचारी रामबाबू बर्मन का अचानक दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। उसी रात विजयराघवगढ़ निवासी सेवा निवृत्त बीईओ बलरामदास गुप्ता के मंझले पुत्र और वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम गुप्ता के भतीजे विकास गुप्ता के बिलासपुर में एक सड़क दुर्घटना में दुःखद निधन की खबर आई। दूसरे दिन बिलासपुर से विकास की पार्थिव देह विजयराघवगढ़ पहुंची। अंतिम यात्रा में पूरा नगर उमड़ पड़ा था। दूसरे ही दिन दोपहर में क्षेत्रीय विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक के जबलपुर निवासी युवा साले 35 वर्षीय मोहित बाजपेयी के गंभीर रूप से बीमार होने की ख़बर आई। उनके स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थनाएं भी विधाता ने नहीं सुनी। रात में मोहित के निधन की दुःखद खबर ने लोगों के शोक को और बढ़ा दिया। कल रात संजू त्रिपाठी के असमय अंत से शोक की एक और कड़ी जुड़ गई। यश भारत परिवार शोक की इस घड़ी में सभी शोकाकुल परिवारों के साथ खड़े रहते हुए अपनी सम्वेदनाएं व्यक्त करता है।

# स्वामित्व योजना में जिले में किये गये नवाचार को मिली सराहना

### भारत सरकार के संयुक्त सचिव नागर ने कलेक्टर को भेजा प्रशंसा पत्र

**कटनी।** भारत सरकार द्वारा देश में संचालित स्वामित्व योजना के अंतर्गत जिले में किये गये नवाचार को सराहा गया है। भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के संयुक्त सचिव आलोक प्रेम नागर ने जिले में स्वामित्व योजना के तहत किये गये बेहतर कार्य एवं नवाचार के लिये कलेक्टर प्रियंक मिश्रा की प्रशंसा करते हुये उन्हें पत्र लिखा है। पत्र में उन्होने कहा है कि कटनी जिले में हमें 9 अक्टूबर 2021 को समाप्त सप्ताह के लिये प्रति ड्रोन टीम प्रतिदिन का औसत 5.6 गांव प्रदान किया है, इसकी सराहना की है। साथ ही स्वामित्व योजना के क्रियान्वयन में पारदर्शिता लाने की पहल भी कटनी जिले द्वारा की गई है। जिसके तहत ग्रामों में संपत्ति के क्षेत्रों और मालिक के नाम को दर्शाने वाले आबादी क्षेत्रों में डिस्प्ले बोर्ड प्रदर्शित किये गये हैं। इस नवाचार को भी संयुक्त सचिव श्री नागर ने सराहा है। उन्होने लिखा है कि इस नवाचार से आबादी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का स्वामित्व योजना के प्रति विश्वास और बढ़ेगा तथा संपत्ति संबंधी विवादों में कमी के संबंध में योजना के उद्देश्यों को साकार करने में मदद मिलेगी। गौरतलब है कि जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देश पर स्वामित्व योजना के तहत पहल करते हुये स्वामित्व योजना अंतर्गत बनाए गए नक्शों को गांवों के बाहर प्रदर्शित कराया गया है।





## सिटी मॉल बरही रोड में

बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, कॉमेडी, फुल एंटरटेनमेंट




रोजाना 4 शो
ता. 22 से
दोपहर
12.45,
3,5.15 एवं
7.30 बजे से

**बबलू बैचलर**

कलाकार- शरमन जोशी, पूजा चौपड़ा, तेजश्री प्रधान, राजेश शर्मा, महेशचंद्र देव आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।

## सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, शानदार दूसरा सप्ताह




रोजाना 4 शो
ता. 14 से
दोपहर
12.30,
3.30,6 एवं
8.30 बजे से

**VENOM (हिन्दी में)**

(LET THERE BE CARNAGE)

कलाकार- जेनी स्लेट, वुडी हैरेलसन, सोप अलुको, स्कॉट डेकर्ट, मार्सेला ब्रागियो आदि।

नोट- सिनेमा हॉल परिसर में कोविड-19 नियमों का पालन करें, खुद एवं दूसरों को सुरक्षित रखें। मास्क एवं सेनेटाईजर उपयोग करते रहें।


# ससुराल में फरारी काट रहा था हत्या का दूसरा आरोपी, सागर से कटनी लाई माधवनगर पुलिस

**कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के नमक गोदाम गांधी मार्केट के पास सिर पर पत्थर पटक कर की गई युवक की नृशंस हत्या के मामले में पुलिस ने वारदात में शामिल दूसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। वारदात को अंजाम देकर आरोपी अपनी ससुराल सागर में फरारी काट रहा था। जिसे गिरफ्तार कर पुलिस कटनी लाई और आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने आरोपी की गिरफ्तारी पर 5 हजार रूपए का इनाम भी घोषित किया था। माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि 17 अक्टूबर की सुबह नमक गोदाम के पास खैबर लाइन निवासी भोजा उर्फ सुशील पिता चंचलदास ठारवानी निवासी की खून से लथपथ लाश मिली थी। भोजा की अज्ञात आरोपियों ने मारपीट करने के बाद सिर पर पत्थर पटक कर नृशंस हत्या की थी। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू की थी। जिसमें पुलिस को प्रारंभिक सफलता वारदात के दूसरे दिन मिल गई और पुलिस ने वारदात में शामिल दो आरोपियों क्रमशः हेमू उर्फ हिमांशु ठारवानी व श्याम पोपटानी में से हेमू उर्फ हिमांशु ठारवानी को गिरफ्तार कर लिया जबकि श्याम पोपटानी फरार हो गया। जिसकी गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक ने 5 हजार का इनाम घोषित किया। इसी बीच पुलिस को पता चला कि श्याम पोपटानी की ससुराल सागर में है तथा वह वारदात के बाद से ही अपनी ससुराल सागर में फरारी काट रहा है। जिसके बाद पुलिस टीम सागर पहुंची और ससुराल में फरारी काट रहे श्याम पोपटानी को गिरफ्तार कर कटनी लाई। पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया के दिशा निर्देश तथा नगर पुलिस अधीक्षक शशिकांत शुक्ला के मार्गदर्शन में आरोपी श्याम पोपटानी को गिरफ्तार करने में माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, उपनिरीक्षक एम.एल.करण, पंकज शुक्ला, प्रधान आरक्षक रवि मोहन जाटव, भुवनेश्वर बागरी, गणेश दत्त मिश्रा, आशीष दुबे, आदेश परते, रविन्द्र दुबे, शिव कुमार, अविनाश सिंह चौहान आदि की भूमिका रही।

# शिक्षा की जगाई अलख, महिलाओं को बनाया स्वावलंबी

## कटनी में प्रथम निजी बैंक की स्थापना की थी धरमदास अग्रवाल दादू ने



कटनी। इंसान अपनी संपन्नता से नहीं बल्कि अपनी दानवीरता से श्रेष्ठ बनता है। अपनी संपत्ति का कुछ अंश यदि पीड़ित मानवता की सेवा और सामाजिक कार्यों में व्यय किया जाए तो न केवल मन को संतोष प्राप्त होता है बल्कि ऐसा व्यक्ति संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणादायी हो जाता है। कटनी में ऐसी ही सख्सियत के मालिक थे सेठ धरमदास अग्रवाल जिन्हें स्नेह से लोग दादू कहते थे। उनके बारे में कहा जाता है कि उनके पास पहुंचने वाला कोई भी जरूरतमंद इंसान खाली हाथ नहीं लौटता था। निर्धन और गरीबों को भोजन कराना तो उनकी दिनचर्या में शामिल था। 3 अगस्त को ऐसी पुण्यात्मा को जन्म लिए 100 वर्ष हो चुके। 2020 उनका जन्म शताब्दी वर्ष है। अपने जीवनकाल में दादू द्वारा किए गए जनसेवी कार्य हमेशा परोपकार का उदाहरण बने रहेंगे। उन्होंने अपने जीवित रहते कटनी में ब्लड और आई बैंक की स्थापना के प्रयास किये। उन्होंने स्कूलों की स्थापना के जरिए समाज में ज्ञान की रोशनी फैलाई। नारायण सेवा संस्थान को भी वे जीवंत पर्यंत मदद करते रहे। स्वर्गीय श्री धरमदास अग्रवाल का जन्म रक्षाबंधन सावन सुदी 15 सन 1920 को सेठ स्वर्गीय श्री महादेव प्रसाद के घर में हुआ था। उन्होंने संघर्षपूर्ण जीवन व्यतीत किया एवं व्यापार, बैंकिंग, गोंद, कोल्ड स्टोरेज एवं कई व्यवसाय से जुड़े रहे। 68 वर्ष की आयु से अपने आप को एवं अपनी पूंजी को दान एवं सामजिक कार्यों में लगा दिया था। उन्होंने 94 वर्ष की उम्र में 26 अक्टूबर 2014 गौलोकवास किया।

### महिलाओं को स्वावलंबी बनाने दान की सिलाई मशीनें

लगातार दान, गरीबों को प्रतिदिन भोजन ठंड में कंबल एवं वस्त्र, गरीब महिलाओं के लिए 600 सिलाई मशीनें एवं स्कूलों की आवश्यकता अनुसार 1200 पंखे दिए। कटायेघाट में कई वर्षों तक मेला के समय भंडारा कराया एवं घंटाघर स्थित मकान में गाय एवं बंदरों को प्रतिदिन रोटी खिलाते थे। उन्होंने गोंद का अंर्तराष्ट्रीय व्यापार किया एवं रामकिंग इंडिया कहलाये।

### बैंक की स्थापना करने का श्रेय

1946 में डी.डी. बैंक की स्थापना की। जिसकी शाखा शहडोल एवं सतना में भी थी। वे उस वक्त साल में 6 माह बाम्बे में रहते थे वहीं से गोंद का अर्तराष्ट्रीय व्यापार करते थे। उस कमाई से उन्होंने दान वगैरह किये। उनका विवाह 1938 में नागौद के नगरसेठ परिवार में हुआ। कटनी नगर से पहली बार 8 डिब्बों की पूरी ट्रेन लगभग 800 बाराती गये एवं सात दिनों तक बारात का स्वागत सत्कार हुआ एवं उनका टीका नागौद के यशस्वी महाराज सांसद नागेन्द्र सिंह के पिता महेन्द्र सिंह ने किया।

### पिता ने शुरू की पहली बड़ी इंडस्ट्रीज

इसी प्रकार उनके पिता सेठ महादेव प्रसाद ने वर्ष 1955 में शहर की प्रथम कॉलोनी का निर्माण किया एवं कोल्ड स्टोरेज, बर्फ फैक्ट्री, आरा मशीन आदि लगाई। उस वक्त नदीपार क्षेत्र दूर होने के कारण कियेदार एवं रहने वाले ढूंढकर लाने पड़े ताकि विकास एवं बसाहट हो सके। सेठ महादेव प्रसाद कोल्ड स्टोरेज एवं मझगवां स्कूल का उद्घाटन उस वक्त के मुख्यमंत्री पंडित रविशंकर शुक्ल से कराया। दादू ने भी अपनी कमाई का काफी हिस्सा आखिरी समय तक सतकार्यों में लगाते रहे। उनका सिद्धांत था इसी वसुंधरा का, इसी धरा का, धरा का धरा रह जायेगा। गोसलपुर स्थित जैन मंदिर में भी पुण्य कार्य किये एवं अग्रसेन पार्क को मूर्ति एवं पेड़-पौधों एवं अन्य मनोरंजक सुविधाओं को विकसित कराया।

### फिल्म निर्माण के क्षेत्र में भी योगदान

मुंबई रहते हुए खजान्ची फिल्म का निर्माण व कुछ फिल्मों के फाइनेंसर भी रहे परंतु अनुभव अच्छा न होने के कारण एवं उन लोगों के समय के पाबंद न होने के कारण वह लाइन जल्दी छोड़ दी। सेठ जी किसी कार्य के पेडिंग नहीं रखते थे। पत्रों का जवाब उसी दिन चल जाता था, टेलीफोन सुविधायें वर्तमान की तरह नहीं थी, फिर भी उनके अपने कोरियर लड़के थे।

### पिता ने कन्हवारा स्कूल की नींव रखी

पिता महादेव महादेव प्रसाद अग्रवाल ने कन्हवारा स्थित स्कूल का उन्नयन कराया खेलकूद के ग्राउंड की व्यवस्था की एवं 5 एकड़ जमीन देकर कृषि संकाय की स्थापना की एवं शासन को चलाने के लिए सौंप दिया। जिसमें कि बहुत अच्छी संस्था में बच्चे अध्ययन कर रहे हैं। साथ ही विजयनाथ मंदिर बरही, चित्रकूट की परिक्रमा मार्ग में सुधार कराया। आखिरी क्षणों में सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय द्वारा 250 ऑपरेशन्स कराये, लगातार चार केमप के बाद कुछ स्वास्थ्य कारणों की वजह से यह कार्य माहेश्वरी समाज को सविनय सौंप दिया गया। जिसे से आज भी सफलतापूर्वक लगातार ढ़ाई वर्षों से चला रहे हैं एवं नेत्रहीनों को लाभ पहुंचा रहे। उनकी इच्छा अभी कटनी में आईबैंक एवं ब्लडबैंक स्थापना की थी जिसकी कोशिशें एवं अन्य व्यवस्थायें जारी थीं, कि उनका देहावसान हो गया। वे सादा जीवन जीते थें एंव आडम्बर से दूर रहते थे। जो भी करना है, वे स्वयं करते थे। दबाव या निजी स्वार्थ उनसे कोसों दूर था इनका खामियाजा उन्हें व्यापार के क्षेत्र में एवं अन्य क्षेत्रों में भुगतना पड़ा एवं काफी समय तक संघर्ष करना पड़ा।

यश भारत

# सिटी न्यूज

कटनी, मंगलवार, 26 अक्टूबर 2021

आज की खबर अभी, आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper

## उपस्वास्थ्य केंद्र गोदाना में नहीं बैठते जिम्मेदार स्वास्थ्य कार्यकर्ता

**हमेशा लटका रहता है ताला, लाखों की बिल्डिंग बनी शो-पीस, इलाज कराने के लिए भटक रहे मरीज**

कटनी/रीठी। राज्य शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च का बजट आवंटित करते हुए नए भवनों का निर्माण करवाया जा रहा है और स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती की जाती है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें और उन्हें इलाज के लिए कहीं अन्यत्र भटकना नहीं पड़े, साथ ही स्थानीय स्तर पर उन्हें स्वास्थ्य लाभ मिल सके, लेकिन रीठी स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों की घोर लापरवाही के चलते क्षेत्र में बने उप स्वास्थ्य केंद्रों में हर समय ताला लटका नजर आ रहा है। जिम्मेदारों को यह देखने की फुर्सत नहीं कि क्षेत्र में कौन स्वास्थ्य कार्यकर्ता किस जगह पदस्थ है, वो समय-समय से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराते हैं या नहीं, जबकि राज्य शासन द्वारा उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए मोटी पगार दी जा रही है।




ऐसा ही एक मामला प्रकाश में आया है, जहां रीठी स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत गोदाना में उप स्वास्थ्य केंद्र लाखों की लागत से बिल्डिंग बनकर तैयार होने के बाद स्वास्थ्य विभाग को सालों पहले सौंपी जा चुकी है। बकायदा उस बिल्डिंग में विभाग के कर्मचारियों द्वारा कार्यालय आलमारी, टेबल, कुर्सी, दवाईयां केवल शो पीस बनकर रह गया है। गोदाना उप स्वास्थ्य केंद्र की हकीकत बताते हुए भेड़ा के पूर्व सरपंच गुलजार सिंह ठाकुर व अन्य ग्रामीणों ने बताया कि लगभग एक वर्ष पूर्व 10 लाख से ऊपर की लागत से बनी गोदाना उप स्वास्थ्य केंद्र की बिल्डिंग दिखावा साबित हो रही है। यहां ग्राम कठोतिया, भदनपुर, भेड़ा, टोला, गोदाना, नयाखेड़ा आदि अनेकों ग्राम के लोगों की स्वास्थ्य सुविधा मुहैया हो सके को लेकर शासन द्वारा उप स्वास्थ्य केंद्र खोला गया हैं, लेकिन उद्घाटन व स्वास्थ्य विभाग को बिल्डिंग सौंपने के बाद केवल दो चार-बार ही इस बिल्डिंग में स्वास्थ्य कर्मियों को ऑफिस खोला देखा गया, यहां पर मरीज तो आते हैं, लेकिन बिल्डिंग में ताला जड़ा देख वापस लौट जाते हैं, जिसके चलते ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ लेने प्रायवेट झोलाछाप डॉक्टरों की शरण लेनी पड़ती है, जहां उन्हें जरूरत से ज्यादा लूटने को मजबूर होना पड़ता है, वहीं जिम्मेदार ब्लाक मेडिकल आफीसर रीठी इन अनियमितताओं को जान बूझकर नजरअंदाज कर अनजान बने हुए हैं। केवल इलाज के नाम पर कागजों में खानापूर्ति कर उपस्वास्थ्य केंद्र गोदाना का संचालन किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं कलेक्टर से इस ओर ध्यान आकर्षण करने आग्रह किया है, साथ ही उपस्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मियों को समय-समय पर अपनी सेवाएं देने सख्त निदेश दिए जाने अपील की है, ताकि शासन की मंशा अनुसार ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविद्या मुहैया हो सके।

### इनका कहना है

ग्राम गोदाना में यदि उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन में ताला लटका हुआ है तो जिम्मेदारों से सवाल जबाव किया जाएगा और लापरवाही पाए जाने पर कार्यवाही की जाएगी। ग्रामीण क्षेत्रों में मरीजों को समुचित उपचार मिले, यही राज्य सरकार और स्वास्थ्य विभाग की मंशा है।

**-डॉ. प्रदीप मुढ़िया, सीएमएचओ**

## स्काउट गाइड ने जागृति पार्क में स्वच्छता को लेकर आयोजित की गतिविधियां

**विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड रेंजर यूनिट हुये सम्मिलित**



**कटनी।** भारत स्काउट गाइड मध्य प्रदेश जिला संघ कटनी के तत्वाधान में राज्य मुख्यालय एवं राष्ट्रीय मुख्यालय के निर्देशानुसार जिले में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अंतर्गत रविवार को भी स्वच्छता की गतिविधियों आयोजित की गई। इस दौरान स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत जागृति पार्क की तीसरे चरण के तहत क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें कटनी जिले की विभिन्न विद्यालयों के स्काउट गाइड रेंजर यूनिट सम्मिलित हुए स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर द्वारा जागृति पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर पार्क के तीसरे चरण को क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर गतिविधियां की गई। उल्लेखनीय है कि जिला पर्यावरण संधारण समिति द्वारा संचालित जागृति पार्क जिसमें स्काउट गाइड द्वारा समय-समय पर पार्क की स्वच्छता के लिये स्वच्छता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जागृति संस्था की अध्यक्ष उमा निगम, लक्ष्मीकांत भारद्वाज, डॉक्टर कपूर सोनी, अनिल नेमा, सायरा बानो सहित स्काउट गाइड रोवर रेंजर यूनिट लीडर सम्मिलित हुए।

## भू-अभिलेख शाखा के कर्मचारियों ने मांगा हड़ताल की अवधि का वेतन

**कटनी।** द्वारिका भवन में अपर कलेक्टर रोमोनुस टोप्पो की अध्यक्षता में कटनी अनुभाग के अंतर्गत आने वाली चारों तहसील कटनी, कटनी नगर, रीठी बड़वारा की भू-अभिलेख पखवाड़ा की मीटिंग आयोजित हुई जिसमें अनुविभागीय अधिकारी बलवीर रमन तहसीलदार मुनब्बर खान, संदीप श्रीवास्तव, विजय द्विवेदी, क्षमा सराफ, सहायक अधीक्षक भू अभिलेख मुन्ना तिवारी नायब तहसीलदार रविंद्र पटेल राजीव मिश्रा तथा सभी राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी उपस्थित रहे मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिलाध्यक्ष दादूराम पटेल द्वारा माह अगस्त 2021 का हड़ताल अवधि का पटवारियों का वेतन प्रदान किया जाने हेतु अनुविभागीय अधिकारी कटनी को मुख्यमंत्री, राजस्व मंत्री मुख्य सचिवए प्रमुख सचिव राजस्व, आयुक्त भू-अभिलेख मोती महल ग्वालियर, व कलेक्टर कटनी के नाम ज्ञापन सौंपा मांग की गई मध्यप्रदेश का पटवारी माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के सम्मान में अपनी हडताल समाप्त कर कार्य पर उपस्थित हुआ है जिसे माह अगस्त2022 का हडताल अवधि वेतन प्राप्त नहीं हुआ है दीपावली पूर्व हडताल अवधि को कर्तव्य अवधि मानकर वेतन प्रदान करने के आदेश प्रसारित किये जाये। ज्ञापन के समय संयुक्त मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र धरण त्रिपाठी, सभी तहसीलों के अध्यक्ष प्रकाश गुप्ताए चंद्रशेखर कोरी, अनुज दाहिया, अमित श्रीवास्तव, राकेश पांडे, अमित कनकने, विनीत सिंह बघेल, राजकुमार गौतम, तुलाराम वर्मा, रवींद्र तिवारी, भानसिंह बागरी, अवध मिश्रा, मुख्त्यार अहमद, ज्ञानेश्वर तिवारी नितिन सोनी, राकेश गुप्ता संदीप कस्यप अनिल गुप्ता राजेश दुबे सुभाष गर्ग धर्मेंद्र ताम्रकार पंकज विस्वकर्मा अभिषेक तिवारी राघवेंद्र राजपूत धर्मेंद्र बागरी अतिश सिंह विपुल जैन राहुल गौतम राहुल सिंह सेंगर आनंद पांडेए पवन पटेल संजय राठौर रामनाथ बुनकर संदीप गर्ग बृजेश साहू प्रतिभा मिश्रा राविया वानों किरण सेन क्षिप्रा त्रिपाठी ज्योति अग्नि होत्री अहमद रजा अनुज जयसवाल नियाज अहमद देवेन्द्र भगत सत्येंद्र राठौर आदि पटवारियों की उपस्थिति रही।



## बड़ी रोजगार इकाईयों की स्थापना में सहकारी समीतियों की प्रमुख भूमिका

**कटनी।** सहकार भारती कटनी की आवश्यक जिला बैठक सोमवारए 24 अगस्त को सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी नारायण सिंह जी के मुख्य अतिथि में होटल बृजवासी में संपन्न हुई । जिले से उपस्थित समस्त पदाधिकारियों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में सहकारिता के माध्यम से रोजगार के अवसर मुहैया कराने हेतु नवाचार किया जा रहा है। इसमें बसों के संचालन के साथ पर्यटन को सुविधा देने का काम सहकारी महासंघ को सौंपा जा सकता है ।मुख्य रूप से इसका उद्देश्य सहकारिता के माध्यम से रोजगार के अवसर पैदा कराना एवं व्यवस्थाओं को सुचारू करना है। उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश की शिवराज सरकार ने प्रतिमाह एक लाख रोजगार के अवसर सृजित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है इसके लिए निवेश को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन क्षेत्रों में भी संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। जहां कम निवेश के साथ रोजगार के अधिक से अधिक मौके बनाए जा सकेंगे। इससे पूर्व सहकार भारती के संस्थापक स्व. लक्ष्मणराव इनामदार की फोटो पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलन के साथ बैठक का औपचारिक उद्घाटन सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी नारायण सिंह, प्रदेश के सह संगठन प्रमुख राजेन्द्र पांडेय एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य धर्मेश पटेल ने किया। अतिथियों का स्वागत क्रमशः मेवा पटेल, कमलेश जैन, महेंद्र जायसवाल, इंद्रजीत पटेल, शिवचरण विश्वकर्मा व अनिल पांडेय ने किया। सहकार गीत के उपरांत संघठन के जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम ठाकुर ने बैठक के आयोजन पर प्रकाश डालते हुए जिले के सभी पदाधिकारियों का परिचय कराया एवम कटनी जिले में सहकार भारती के कार्यो से अवगत कराया। सहकार भारती के गठन, उसकी रीति नीति, कार्यक्रम व कार्यशैली पर विस्तार से जानकारी देते हुए संगठन के प्रदेश सह संगठन प्रमुख राजेन्द्र पांडेय ने बताया कि प्रदेश में प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों को नेटवर्क गांव-गांव तक है। सरकार इसके जरिए खाद बीज एवम ऋण वितरण के साथ उपार्जन का काम भी कराती है। आज जहां अधिकांश समितियां उचित मूल्य की दुकानों का संचालन भी कर रही हैं वही दुग्ध सहकारी समितियां ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने का काम कर रही हैं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया की आज देश में इंडियन कॉफी हाउस, अमूल, कृभको व महाराष्ट्र के महिला समूह जैसे वृहद संस्थान सहकारिता का एक जीवंत उदाहरण है। विभिन्न क्षेत्रों में सेवा प्रदाता खनिज खनन, फल व सब्जी के प्रबंधन से जुड़े क्षेत्र में काम करने के लिए सहकार भारती मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार के माध्यम से एक महासंघ बनाने की तैयारी कर रहा है। प्रदेश में खनिज खनन का काम अभी पूरी तरह से निजी हाथों में है। इसमें रोजगार की काफी संभावना है अतः समितियां बनाकर छोटे स्तर का काम इन्हें भी दिलाया जाए। सहकार भारती इस दिशा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य हेतु कटिबध्द है। हमारा मुख्य उद्देश्य है कि प्रदेश में जिला केंद्रों पर युवाओं की समिति बनाकर उन्हें न सिर्फबैंकों से ऋण उपलब्ध कराया जाए बल्कि रोजगार की दृष्टि से परिवहन विभाग से परमिट भी दिलाएं जाएंगे ताकि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दोनों स्तर पर रोजगार के अवसर बनें। सहकारी समितियों को खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां लगाने के लिए प्रत्येक जिलों में प्रेरित भी किया जा रहा है। केंद्र सरकार की कृषि अधोसंरचना निधि से अब उनको धन राशि भी उपलब्ध कराई जा रही है। संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश स्तर पर बडे सम्मेलन भी आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृह एवम सहकारिता मंत्री अमित शाह के दिशा निर्देशन में सहकारिता का कार्य महाराष्ट्र, गुजरात व दक्षिण प्रदेशों की भांति पूरे देश मे व्यापक रूप में गति लाएगा। सम्पूर्ण कार्यक्रम का कुशल संचालन सहकार भारतीए कटनी के जिला प्रभारी संजय कुमार गुप्ता ने व आभार प्रदर्शन महेंद्र जायसवाल ने किया।

## नृत्य स्पर्धा में प्रतिभाओं का सराहनीय प्रदर्शन

**कटनी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में एकल एवं युगल नृत्य प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि शाला संस्थापक उत्तम चंद जैन शाखा निर्देशक अनुराग जैन व शाला प्रबंध निर्देशिका श्रीमती जूही जैन, प्राचार्या, उपप्राचार्या व सभी शाला परिवार की उपस्थिति सराहनीय थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ जहाँ गायंत्री मंत्र के जयघोष से समस्त भवन गुंजायमान हो उठा। इस नृत्य प्रतियोगिता का जैसे ही आगाज हुआ तालियों की गडगडाहट से समस्त हॉल गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में कटनी के ही नहीं कटनी के बाहर से भी प्रतिभागी आए थे उनकी नृत्य प्रस्तुति को देखकर वहाँ पर उपस्थित हर व्यक्ति मंत्रमुग्ध हो उठा था।

नृत्य प्रतियोगिता का निर्णय करने के लिए बहुमुखी प्रतिभा के धनी निर्णायक दल भी पन्ना, जबलपुर व नागपुर से आए थे इसमें मेघा पांडे जबलपुर राहुल सुखलानी नागपुर व आयुषी मिश्रा पन्ना जिनको कत्थक व पाश्चात्य नृत्य पर महारथ हासिल है। ये सभी सोशल मीडिया फेम भी है। कार्यक्रम के मंच संचालन में साकिब खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा जो निर्णायक मंडल के साथ बाहर से आए हुए थे। उनके व अजीत दुबे जो डीपीएस कटनी में शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं के बेजोड़ मंच संचालन ने कार्यक्रम में मानो चार चाँद लगा दिए हों। कटनी शहर में इतना सुन्दर व भव्य नृत्य आयोजन अकल्पनीय था लेकिन डीपीएस ने यह कर दिखाया इसका श्रेय हम हमारे शाखा निर्देशक प्रबंध निर्देशिका के कुशल मार्गदर्शन को जाता है प्रतियोगिता में पुरूस्कार जीतने वाले प्रतिभागी कुछ इस प्रकार रहे। किड्स ग्रुप में विनर पीहू अग्रहरि, आद्या श्रीवाश,आशिरया गलानी सीनियर ग्रुप में प्रथम स्थान पर बार्बी कोल, द्वितीय देवा बंसल व तृतीय देवंशी निषाद ग्रुप डांस में प्रथम स्थान पर राशि एंड ग्रुपए द्वितीय स्थान पर नित्य नारायण डांस ऐकेडमी व तृतीय स्थान पर राहुल तिवारी का ग्रुप रहा। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मेंनृत्य शिक्षिका नेहा श्रीवास्तव व तरुण ठाकुर संगीत शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी सहित पूनम साहू, अजीत दुबे के साथ साथ सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सराहनीय भूमिका थी कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को शाला निर्देशक अनुराग जैन व शाला प्रबंध निर्देशिका श्रीमती जूही जैन द्वारा प्रशास्ति पत्र व पुरूस्कार वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया साथ ही शाला प्रबंध निर्देशिका श्रीमती जूही जैन एवं प्राचार्या एवं उप.प्राचार्या द्वारा सभी प्रतिभागियों की कला की प्रशंसा की गई। सभी दर्शकों के द्वारा विद्यालय परिवार को खूब सराहा गया।




**पर्व पर जरूरतमंदों तक पहुंचाई जाएगी सामग्री, आप भी कर सकते हैं सहयोग**

## हर घर में हो खुशियों की दीवाली आनंद संस्थान कर रहा तैयारी

**कटनी।** दीवाली पर्व पर हर घर में खुशियां मनाई जाएं। हर घर दीपों से रोशन हो और कोई भी पर्व की खुशियों से वंचित न रहे, इसके लिए राज्य आनंद संस्थान भोपाल हर घर दीवाली अभियान के जरिए लोगों की खुशियों में सभी को शामिल करने अभियान चला रहा है। राज्य आनंद संस्थान भोपाल की अवधारणा अनुरूप आनंद संस्थान, कटनी द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आनंद क्लब एवं आनंदकों के सहयोग से उन घरों में भी दिवाली मनाने की योजना है, जिन घरों में व्यवस्था के अभाव में दिवाली नहीं मनाई जाती है। हर घर की खुशियों के लिए आनंद संस्थान जिलेवासियों के सहयोग से जरूरतमंद परिवारों के बीच दीवाली मनाने के लिए किट तैयार कर रहा है। जिसमें पूजन सामग्री, लाई, बताशा, दीया, बाती, तेल, मिठाई, अगरबत्ती, रोली, हल्दी, चावल, फटाका, माचिस, गणेश - लक्ष्मी की फोटो इत्यादि होंगे। आनंद संस्थान ने जनसहयोग के लिए एक किट की सहयोग 251 रूपये निर्धारित की है। हर घर दीवाली से रोशन हो, इसके लिए आप भी सहयोग कर सकते है। अभियान में स्वेच्छा से सहयोगी बनने के लिए एक किट, दो किट या उससे अधिक की राशि फोन नंबर 9424604894 पर फोन-पे या गूगल-पे के माध्यम से भेजी जा सकती है। राशि भेजने के साथ ही उसका स्क्रीनशॉट व्हाट्सएप नंबर 9977736191 पर भेजना होगा। आनंद संस्थान डिस्ट्रिक प्रोग्राम लीडर ने बताया कि हर घर दीवाली अभियान के लिए नगर के राजेश मिश्रा द्वारा 4 किट, प्राचार्य कल्पना खरे और प्राचार्य विभा श्रीवास्तव की ओर से 20-20 किट प्रदान की गई हैं।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

cello सेलो फर्नीचर
एकमात्र अधिकृत वितरक

Auth. Distributor-Cello, Natasha Almirah
Almirah, Molded Furniture
विश्वकर्मा फर्नीचर
विश्वकर्मा मार्केट, मधई मंदिर रोड कटनी, फोन- 230557, मो. 9826082251
Email-gopivishwakarma@gmail.com

अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com

एन.ए.बी.एच. द्वारा प्रमाणित
mgm HOSPITAL We Care with Care
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेन्टर
(A Unit of Katni Hospital Pvt. Ltd.)
कचहरी चौराहा, फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने, कटनी (म.प्र.) फोन : 07622-405070-71-72 मो. 9424957890

कटनी में पहली बार मल्टी स्लाइस सी.टी.स्कैन मशीन द्वारा सी.टी.स्कैन जाँच सुविधा
वेन्टीलेटर सुविधा ट्रामा एवं एक्सीडेंट यूनिट सर्पदंश डी-प्वाइजन यूनिट
प्रतिदिन डायलिसिस सुविधा
24 घंटे एम्बूलेंस
24 घंटे दवाईयां
24 घंटे डिजिटल एक्सरे
24 घंटे एम.एल.सी
आयुष्मान भारत निरामयम, ई.एस.आई, राज्य शासकीय कर्मचारी, एम.पी.पुलिस एवं अन्य निजी मेडीक्लेम कंपनी के लाभार्थियों को कैशलेस इलाज की सुविधा
अस्थि रोग | शल्य चिकित्सा | स्त्री रोग | ह्रदय रोग | सामान्य चिकित्सा | फिजियो थेरेपी | शिशु रोग | दंत रोग | मस्तिष्क रोग | नेत्र रोग
एम.जी.एम. स्कूल/कॉलेज ऑफ नर्सिंग
Ph. : 07622 - 405074, Mob. 7771001902
Email. : mgmnursingkte@gmail.com | Website : mgmnursingcollege.com
जिले के सर्वप्रथम पोस्ट बेसिक BSc.नर्सिंग कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ
डिप्लोमा जी.एन.एम. नर्सिंग उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को पोस्ट बेसिक BSc. डिग्री नर्सिंग कोर्स करने का सुनहरा अवसर दो वर्षों में BSc. नर्सिंग करें।

| क्र. | पाठ्यक्रम | अवधि | शैक्षणिक अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | बी.एस.सी. (नर्सिंग) | 4 वर्ष | 12 वीं (बायोलॉजी) |
| 2 | जी.एन.एम. (नर्सिंग) | 3 वर्ष | 12 वीं |
| 3 | पोस्ट बेसिक बी.एस.सी.(नर्सिंग) | 2 वर्ष | GNM उत्तीर्ण |

छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति शासन द्वारा नियमानुसार प्रदान की जाती है
SC / ST/ OBC
छात्रावास एवं मेस (भोजन) की सुविधा
जिला अस्पताल कटनी, मनोरोग चिकित्सालय इंदौर में प्रशिक्षण
मान्यता प्राप्त - इण्डियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली, म.प्र. चिकित्सा शिक्षा विभाग भोपाल, म.प्र. स्टेट नर्सिंग काउंसिल भोपाल, म.प्र.मेडिकल यूनिवर्सिटी जबलपुर

# नौकरी छोड़कर पकड़ी खेती की राह, लहलहा रहा सेब का बगीचा

## मदनपुर निवासी किसान उद्यानिकी विभाग की सलाह से कर दिखाया काम, कमा रहे मुनाफा

**कटनी।** राज्य सरकार खेती किसानी के क्षेत्र में लगातार सुविधाएं बढ़ाने प्रयासरत है। किसानों को खाद बीज से लेकर अन्य जरूरी आधुनिक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उसी का नतीजा है कि प्रदेश को लगातार कृषि कर्मण अवार्ड से सम्मानित किया गया है। सरकार उद्यानिकी को भी बढ़ावा देने किसानों को प्रेरित करने का कार्य भी कर रही है। ऐसे ही जिले के मदनपुर निवासी एक किसान ने सेब का बगीचा लगाने का मन बनाया और नौकरी छोड़कर उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों की सलाह के आधार पर बगीचा तैयार किया है। किसान के खेत में सेब का बगीचा लहलहा रहा है और उससे आमदनी भी शुरू हो गई है। सेब के अलावा उनके बगीचे और कई ऐसे पेड़ हैं, जो दूसरे स्टेट में होते हैं।






यश भारत
पॉजिटिव स्टोरी

### ठेकेदार के साथ मीटर लगाने का करते थे काम

जिले के मदनपुर गांव में रहने वाले किसान रमाशंकर कुशवाहा बिजली विभाग में ठेकेदार के साथ मीटर लगाने की नौकरी करते थे। उनके मन में खेती करने का विचार आया और उन्होंने नौकरी छोड़कर परंपरागत तरीके से धान-गेहूं आदि की खेती शुरू कर दी। दिसंबर 2019 में रमाशंकर ने कुछ नया करके खेती से लाभ कमाने का मन बनाया और जम्मू से सेब के पौधे मंगवाकर अपनी खाली पड़ी जमीन पर बगीचा तैयार करने का काम प्रारंभ किया। इसके लिए उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों की सलाह ली और उनकी समय-समय पर मिली सलाह के आधार पर बगीचा तैयार किया।

### तीन माह लगा लॉकडाउन तो दिया पूरा समय

सेब के पौधे रोपने के तीन माह बाद ही कोरोना के चलते लॉकडाउन लग गया। उसके बाद से रमाशंकर ने पूरा समय बगीचे को तैयार करने व उसकी देखरेख में लगा दिया। किसान रमाशंकर ने लॉकडाउन के डेढ़ साल के दौरान सेब के पौधों को तैयार करने में कड़ी मेहनत की। समय-समय पर उन्होंने उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों से सलाह ली। अब किसान की बगिया में फलों की बहार है और ताजे फलों का स्वाद लेने शहर से भी नागरिक उनके खेत तक पहुंच रहे हैं।

### चीकू, नाशपाती भी तैयार

सेब के साथ किसान रमाशंकर ने बगीचे में चीकू, नाशपाती, अनानास, अमरूद, सीताफल, नीबू आदि के पौधे लगाए हैं। जिसमें चीकू, अमरूद, सीताफल में फल आने लगे हैं। स्थानीय वातावरण के प्रभाव के कारण उनके फलों का रंग थोड़ी अलग है लेकिन फलों की मिठास में कोई अंतर नहीं है। किसान रमाशंकर कुशवाहा का कहना है कि कश्मीर, उत्तराखंड और पंजाब तक में सेब की खेती हो रही है तो उन्होंने सोचा की जिले में भी ये हो सकता है, जिसके बाद उन्होंने सेब के पौधे लगाए और 16-17 माह में ही वे फल देने लगे। किसान का अनुमान है अगले साल सेब से उन्हें और अधिक मुनाफा मिलेगा।

## नेताजी सुभाषचंद्र बोस को किया याद, मनाया आजादी का अमृत महोत्सव

### शासकीय उत्कृष्ट स्कूल माधवनगर में किया गया आयोजन

**कटनी।** आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर देशभर में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जिसमें शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थाओं में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत शासकीय उत्कृष्ट स्कूल माधवनगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस को याद किया और देशभक्ति के गीत गाए। जिला शिक्षाधिकारी पृथ्वीपाल सिंह के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य विभा श्रीवास्तव ने मां सरस्वती व नेताजी सुभाषचंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया। संस्था के छात्र विकास सिंह ने नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जीवनी और देश की आजादी में दिए गए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। संस्था प्राचार्य श्रीमति श्रीवास्तव ने भी छात्रों को आजादी की प्रथम लड़ाई से लेकर देश के स्वतंत्र होने तक अंग्रेजी शासनकाल के खिलाफ चली लड़ाई की जानकारी दी। छात्रों ने सामूहिक रूप से कदम कदम बढ़ाए जा खुशी के गीत गाए जा गीत के माध्यम से देश की आजादी में योगदान देने वाले अमर शहीदों को याद किया। इस दौरान रामवती टुड़हा, शैलवाला मैथ्यूस, अखिलेश दुबे, शेखर पाठक, अमित श्रीवास्तव, शलभ शुक्ला सहित स्टॉफ मौजूद था।

## विभिन्न विभागों के 11 अधिकारी एवं कर्मचारी तत्काल प्रभाव से जिला निर्वाचन कार्यालय स्थानीय निर्वाचन में किये गये संलग्न

**कटनी।** त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन वर्ष 2021-22 की तैयारी एवं निर्वाचन कार्य में आवश्यक सहयोग के लिये विभिन्न विभागों के 11 अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय स्थानीय निर्वाचन में संलग्न किया गया है। इस संबंध में उप जिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन रोमोनुस टोप्पो ने आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के तहत शिक्षा विभाग से व्याख्याता मुकेश द्विवेदी, व्याख्याता विनय दुबे, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारी अभिलाष सिंह, पंचायत समन्वय अधिकारी नरेन्द्र रुपेरिया, सहायक ग्रेड-3 विजय गर्ग, समयपाल, रामसेवक बर्मन, कम्प्यूटर ऑपरेटर देवेन्द्र कुमार पाण्डेय और शिवेन्द्र सिंह, सहायक ग्रेड-3 शैलेन्द्र देशमुख तथा भृत्य अरविन्द्र सूतकार और पुरुषोत्तम रैकवार को कार्यालय कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन कार्यालय स्थानीय निर्वाचन में तत्काल प्रभाव से संलग्न कर दिया गया है।

## शासकीय कार्यालयों में पांच कार्य दिवसीय व्यवस्था 31 मार्च 2022 तक

**कटनी।** शासकीय कार्यालयों के कार्य-दिवस सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) की व्यवस्था 31 मार्च 2022 तक प्रभावशील रहेगी। उप सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्री डी.के. नागेंद्र ने बताया कि राज्य शासन द्वारा कोविड-19 महामारी के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में सम्पूर्ण प्रदेश के शासकीय कार्यालयों के कार्य-दिवस सप्ताह में 5 दिवस (सोमवार से शुक्रवार) निर्धारित किए गये थे। यह आदेश 31 अक्टूबर 2021 तक प्रभावशील है, जिसे 31 मार्च 2022 तक बढ़ाया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा इस संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।

# सीएलपी पाठक वार्ड में स्वच्छता दूतों ने चलाया सफाई अभियान

### मुख्य मार्गों में सफाई उपरान्त किया गया चूने की लाइनिंग का कार्य

**कटनी।** जिला कलेक्टर एवं प्रशासक प्रियंक मिश्रा एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सुचारू सफाई व्यवस्था हेतु नगर के विभिन्नन स्थलों सहित रोजाना एक वार्ड चिन्हित कर वार्ड की सड़कों एवं नालियों की सफाई का अभियान निगम की स्वच्छता दूतों की दलेल के माध्यम से किया जा रहा है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी एवं क्षेत्रीय स्वच्छता निरीक्षक की उपस्थिति में अभियान के तहत सी.एल.पी पाठक वार्ड में स्वच्छता दूतों की दलेल द्वारा प्रातः से अभियान चलाया जाकर लक्ष्मी पान भंडार, मस्लिम बस्ती सहित वार्ड के विभिन्न बस्तियों के मुख्य एवं अन्य मार्गो की सड़कों एवं नाले-नालियों की सफाई की जाकर कचरे के उठाव का कार्य किया गया। नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए नगर के अन्य वार्डो की मुख्य एवं अन्य सडकों, मुख्य मार्गो के डिवाइडर कंटेनर एवं लिटरबिन की सफाई सहित नदीपार मुख्य मार्ग में झाडू एवं गिट्टी की सफाई, साधूराम स्कूल परिसर के अंदर वाहनों को अलग किया जकार सफाई कराई जाकर स्कूल प्रांगण स्थित मैदान की धुलाई उपरान्त कीटनाशक दवा का छिड़काव, गजानन काम्पलेक्स के पीछे फैले मलमें को जे.सी.बी मशीन के माध्यम से व्यवस्थित करानें, लल्लू भैया की तलैया के आसपास, सिविल लाईन, शिवाजी



वार्ड स्वास्थ्य केन्द्र पहुच मार्ग, कावस जी वार्ड मुख्य मार्ग, छपरवाह घाट की सीढियों एवं नदी की सफाई, पी.डब्ल्यू डी कॉलोनी, मंगलनगर पुलिया सहित नगर के विभिन्न स्थलों में सफाई अभियान चलाया जाकर डोर टू डोर कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया। द्वितीय पाली की सफाई व्यवस्था के तहत नगर के मुख्य मार्गो बस स्टेण्ड से चांडक चौक चांडक चौक से आजाद



चौक, मिशन चौक, जालपा देवी वार्ड मुख्य मार्ग, शेर चौक, निषाद स्कूल से मस्तराम अखाड़ा, पंजाब नेशनल बैंक के सामने, मदन मोहन चौबे वार्ड स्थित डन कॉलोनी के आसपास सहित नगर के अन्य मुख्य मार्गो में सफाई उपरान्त चूनें की लाईनिंग का कार्य कराया गया। नालियों की माध्यम से किसी भी प्रकार की गंदगी उत्पन्न न हो इस हेतु प्रातःकालीन नालियों की सफाई व्यवस्था के तहत नगर के विभिन्न स्थलों इंदिरा नगर गली नंबर 9, जालपा



देवी वार्ड स्थित विजय रोलिंग शटर के पास, पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड स्थित आदिवसी बस्ती, कावस जी वार्ड बारडोली कॉलेज के पीछे वाली गली, रामनिवास सिंह वार्ड नालियों की सफाई उपरान्त कचरे के उठाव का कार्य सहित नगर के विभिन्न स्थलों के सुलभ शौचालयों की सफाई व्यवस्था के तहत जिला न्यायालय परिसर सहित नगर के अन्य स्थलों के सुलभ शौचालयों के आसपास सफाई एवं धुलाई का कार्य कराया जाकर कीटनाशक दवा के छिड़काव का कार्य किया गया।

# जिला न्यायाधीश ने अधिकारियों की ली बैठक

## अभियान के तहत जनजागरुकता की गतिविधियों का आयोजन करने दिये निर्देश

**कटनी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वाधान में तथा मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष श्यामाचरण उपाध्याय के मार्गदर्शन में, सचिव दिनेश कुमार नोटिया एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित द्वारा शुक्रवार को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाये जाने के उद्देश्य से कार्यालय



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एडीआर सेंटर कटनी में महिला सशक्तिकरण अधिकारी एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अन्य अधिकारी एवं सुपरवाईजरों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में सचिव श्री नोटिया ने जानकारी दी कि कटनी जिले में अधिक से अधिक लोगों को जागरूकता शिविरों एवं द्वार से द्वार अभियान के माध्यम से जागरूक किये जाने के उद्देश्य से जिले की जनसंख्या के अनुपात में पर्याप्त संख्या में विधिक जागरूकता दल का गठन किया जाना आवश्यक है। जिला कटनी की आबादी लगभग 12,92,042 तथा कुल आबाद ग्रामों की संख्या 951 है। वर्तमान में विधिक जागरूकता के प्रसार हेतु 64 विधिक साक्षरता दलों का गठन किया जा चुका है। जबकि जनसंख्या के अनुपात में लगभग अधिक से अधिक विधिक जागरूकता दलों का गठन किया जाना आवश्यक है। जिला विधिक सहायता अधिकारी बी.डी. दीक्षित ने उपस्थित अधिकारियों को बताया कि नालसा तथा सालसा एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से अधिक से अधिक संख्या में लोगों को लाभांवित कराने के उद्देश्य से अधिक से अधिक ग्रामों में विधिक साक्षरता शिविर एवं डोर-टू-डोर प्रचार किया जाना है, जिसमें आप सभी का सहयोग अपेक्षित है। उक्त संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग की विधिक जागरूकता दलों का गठन कर अधिक से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देशित किया गया।

## अग्रवाल नवयुवक मंडल के कार्यवाहक अध्यक्ष बने अनूप अग्रवाल

**कटनी।** श्री अग्रवाल नवयुवक मंडल कटनी के संरक्षक मंडल द्वारा अनूप अग्रवाल पिता स्वर्गीय परसादी लाल अग्रवाल को कार्य वाहक अध्यक्ष के लिए अग्रसेन जयंती महोत्सव 2021 मे घोषणा की गई जिसका उपस्थित सभी अग्रजन ने समर्थन किया जिसमें सर्वसम्मति से कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया गया। अध्यक्ष अनूप अग्रवाल का अग्रवाल परिषद के कार्यवाहक सरपंच दुर्गा प्रसाद अग्रवाल ने तिलक लगा पुष्पमालाओं से स्वागत किया। मध्य प्रदेश अग्रवाल महासभा जिला इकाई कटनी, अग्रवाल परिषद कटनी, अग्रवाल समाज कटनी, अग्रवाल महिला मंडल कटनी एवं मंडल के सभी सदस्यों ने बधाई दी।

# सार्वजनिक स्थलों में किया कीटनाशक दवा का छिड़काव

**कटनी।** नागरिकों की सुविधा एवं नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए नगर के विभिन्न सार्वजनिक मार्गो सहित बाजार क्षेत्रों, मुख्य मार्गो के डिवाईडर, कंटेनर, डस्टबिन, सुलभ शौचालयों की रोजाना सफाई कार्य सहित विभिन्न स्थलों में कीटनाशक दवा का छिडकाव कराया जाकर नगर को साफ, स्वच्छ एवं संक्रमण मुक्त रखनें के प्रयास किये जा रहे है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें बताया कि निगमायुक्त श्री सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में आज प्रातः महात्मा गांधी वार्ड हरिजन बस्ती में कीटनाशक दवा के छिडकाव का कार्य कराया जाकर नगर के विभिन्न स्थलों की सफाई व्यवस्था के तहत बस स्टेण्ड, मिशन चौक, आजाद चौक से सुक्खन चौक, एन.के.जे सब्जी मंडी, गुरूनानक वार्ड सब्जी मंडी, सिविल लाईन स्थित डॉ प्रवीण वैश्य गली, पुलिस लाईन ग्राउण्ड, सहित नगर के अन्य स्थलों की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर के विभिन्न वार्डो में डोर टू डोर संग्रहण का कार्य कराया गया। नालियों के माध्यम से सुगम पानी की निकासी हेतु वंशस्वरूप वार्ड



स्थित चंदी की दफ्ई मार्ग, कमला मौसी गली सहित वार्ड के अन्य मार्गो में सामूहित दलेल के माध्यम से नालियों की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर के अन्य स्थलों महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड स्थित सूरी गली, मदन मोहन चौबे वार्ड के विभिन्न स्थलों, कावस जी वार्ड स्थित डायर कंपनी गेट के पास एवं लखेरा रोड स्थित संतोष श्रीवास्तव जी के घर के सामनें बी.एस.एन.एल कार्यालय बरगवां सहित उपनगरीय क्षेत्र के विभिन्न स्थलों की नालियों की सफाई कराई जाकर अपशिष्ट के उठाव का कार्य किया गया। नगर के मुख्य मार्गो की सफाई व्यवस्था एवं सुंदरता हेतु सांई मंदिर मार्ग, नदी पार स्थित द्वारका सिटी गेट, माधवनगर गेट के पास के डिवाइडर की सफाई का कार्य कराया जाकर नागरिकों की सुविधा हेतु गुरूनानक वार्ड स्थित गोल बाजार काम्पलेक्स, कावस जी वार्ड भट्टा मोहल्ला शमशान भूमि मार्ग स्थित सुलभ काम्पलेक्स के पास साफसफाई कराई जाकर कीटनाशक दवा का छिडकाव कराया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | - | 150/- |
| 3 दिन | - | 250/- |
| 7 दिन | - | 500/- |
| 15 दिन | - | 1200/- |
| 30 दिन | - | 1800/- |

साईज- 5x1
आवश्यकता, खरीदना-बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोनः- 07622-230033
Email :- katni@yashbharat.com

# पुरानी कचहरी से हटेंगे स्टाम्प वेंडर और सर्विस प्रोवाइडर

## रजिस्ट्रार कार्यालय में शिफ्ट होने के लिए प्रशासन ने दिया अंतिम नोटिस, ऐन त्योहार के पहले प्रशासन के आदेश से पनपा रोष, 10 दिनों का मिला समय



**कटनी।** पुरानी कचहरी में अनाधिकृत रूप से कार्य कर रहे स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडर को जिला प्रशासन द्वारा यहां से हटाने की कार्यवाही शुरू की गई है। तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव द्वारा आज मंगलवार की सुबह सभी स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडरों को एसडीएम ऑफिस में बुलाकर अंतिम नोटिस देते हुए 7 दिन में जगह खाली करने और रजिस्ट्रार ऑफिस में शिफ्ट होने के निर्देश दिए। इस दौरान पंचनामा में स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडरों के हस्ताक्षर भी करवाए गए। प्रशासन के इस आदेश से स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडरों में रोष देखा गया। उनका कहना था कि दीपावली का त्योहार नजदीक है। ऐसी स्थिति में प्रशासन को 7 दिनों की बजाय 15 दिनों का वक्त देना चाहिए। जिस पर तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडरों को रजिस्ट्रार ऑफिस में शिफ्ट होने के लिए 10 दिनों का वक्त देते हुए कहा कि त्योहार के बाद हर हाल में रजिस्ट्रार ऑफिस में शिफ्ट हो जाएं, अन्यथा लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी। गौरतलब है कि जिला पंजीयक कार्यालय कलेक्टर ऑफिस के बाजू में नए भवन में शिफ्ट हो चुका है, इसके बाद भी स्टाम्प वेंडर और सर्विस प्रोवाइडर पुरानी कचहरी में अनाधिकृत रूप से कब्जा जमाकर अपना व्यवसाय कर रहे हैं। कुछ स्टाम्प वेंडर और सर्विस प्रोवाइडर टीन शेड के नीचे तो कुछ तहसीलदार और नायब तहसीलदार ऑफिस के बाहर बैठकर कार्य कर रहे हैं, जबकि जिला पंजीयक कार्यालए नए भवन में शिफ्ट होने के बाद से ही इन्हें यहां से हटाने की कार्यवाही की जा रही है। प्रशासन द्वारा पूर्व में भी कईयों बार नोटिस दिया जा चुका है और रजिस्ट्रार कार्यालय से ही कार्य करने के लिए कहा जा चुका है, इसके बावजूद स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडरों द्वारा पुरानी कचहरी से ही अपना कार्य किया जा रहा था। तहसीलदार संदीप श्रीवास्तव ने कहा कि जब रजिस्ट्रार कार्यालय यहां से नए भवन में शिफ्ट हो चुका है, तो फिर स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडरों के पुरानी कचहरी में बैठने का कोई औचित्य नहीं है। पुरानी कचहरी में एसडीएम और तहसीलदार के कार्यालय स्थित हैं। यहां रजिस्ट्री होने के बाद नामांतरण और डायवर्सन कराने के लिए लोग आते हैं, जबकि रजिस्ट्री कराने के लिए रजिस्ट्रार ऑफिस जाना पड़ता है।

### रजिस्ट्रार कार्यालय में सुविधाओं का अभाव

स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडरों ने तहसीलदार को बताया कि कलेक्टर कार्यालय के बाजू में जहां रजिस्ट्रार कार्यालय स्थित है, वहां सुविधाओं का अभाव है। न तो बिजली की व्यवस्था है और न ही पेयजल की, इसके अलावा प्रशासन और पंजीयक विभाग द्वारा यहां टीन शेड की भी व्यवस्था नहीं की गई है। स्टाम्प वेंडरों और सर्विस प्रोवाइडरों ने यह भी कहा कि रजिस्ट्रार कार्यालय में शिफ्ट होने के पहले यहां पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, जिससे स्टाम्प वेंडर और सर्विस प्रोवाइडर यहां शिफ्ट हो सकें। जिस पर तहसीलदार का कहना था कि यहां सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन का काम नहीं है, इसके लिए जिला पंजीयक से बात की जाए।

### इनका कहना है

स्टाम्प वेंडरों एवं सर्विस प्रोवाइडर को कार्य करने के लिए कलेक्टर कार्यालय के बाजू में रजिस्ट्रार ऑफिस में स्थान नियत किया गया है, इसके बावजूद अधिकांश स्टाम्प विक्रेता और सर्विस प्रोवाइडर पुरानी कचहरी में अनाधिकृत रूप से कार्य कर रहे हैं, उन्हें यहां से हटाकर रजिस्ट्रार ऑफिस में शिफ्ट करने की कार्यवाही की जा रही है। स्टाम्प वेंडरों एवं सेवा प्रदाताओं को सूचित कर दिया गया है और एक सप्ताह का समय दिया गया है, इसके बाद लाइसेंस निरस्त करने की कार्यवाही की जाएगी। **-संदीप श्रीवास्तव,** तहसीलदार नगर



# भाजपा जिलाध्यक्ष के बेटे के नाम से पंजीकृत हाइवा की चपेट में आकर हुई थी प्रधान आरक्षक की मौत

## दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन को पुलिस ने किया जप्त, चालक की तलाश जारी

**कटनी।** कटनी-शहडोल मार्ग पर सुरखी टैंक के पास तीन दिन पहले डयूटी से घर लौटते समय सड़क हादसे में हुई प्रधान आरक्षक की दर्दनाक मौत के मामले में पुलिस ने दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन का पता लगा लिया है। दुर्घटना हाइवा क्रमांक एम.पी.21एच-2312 से हुई थी, जो आरटीओ में भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल के पुत्र संदीप पायल के नाम से पंजीकृत है। हालांकि हाइवा का फिटनेस 4 नवंबर 2022 तक है। गौरतलब है कि तीन दिन पहले पुलिस महकमे में उस समय शोक की लहर दौड़ गई थी, जब यह खबर फैली कि बड़वारा थाना में पदस्थ खिरहनी फाटक क्षेत्र निवासी प्रधान आरक्षक 55 वर्षीय हीरालाल पिता गणेश निषाद की सुरखी टैंक के पास एक्सीडेंट में मौत हो गई है। दुर्घटना हाइवा चालक की लापरवाही से हुई थी। पुलिस ने अज्ञात हाइवा चालक के विरूद्ध मामला दर्ज कर उसकी पतासाजी शुरू की तो पता चला कि दुर्घटना हाइवा क्रमांक एम.पी.21एच-2312 से हुई थी। जांच में यह भी पता चला कि दुर्घटना को अंजाम देने वाला हाइवा आरटीओ में भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल के पुत्र संदीप पायल के नाम से पंजीकृत है। बताया जा रहा है कि यह हाइवा सड़क किनारे खराब होने के कारण खड़ा था, जिसके चलते हादसा हुआ है। वहीं पुलिस का कहना है कि हाइवा जा रहा था। बुलट मोटर सायकल सवार प्रधान आरक्षक हीरालाल निषाद को हाइवा चालक ने साइड से कट मारते हुए आगे बढ़ा और एकदम से वाहन को रोक दिया। जिसके चलते प्रधान आरक्षक हीरालाल निषाद का एक्सीडेंट हुआ और गंभीर चोट लगने पर मौके पर ही मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि पूरे जिले में ट्रक, हाइवा, डंपर मनमाने तरीके से फर्राटे भर रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं और इन हादसों में लोगों की जान भी जा रही है।

### इनका कहना है

संदीप पायल के हाइवा से एक्सीडेंट हुआ है। वाहन को जप्त कर वैधानिक कार्रवाई की गई है। मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए व मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 के तहत मामला दर्ज किया गया है। दुर्घटना को अंजाम देकर फरार चालक की तलाश की जा रही है।

**- नीरज दुबे,** थाना प्रभारी एनकेजे।

# राष्ट्रीय एकता का संदेश देते बुलट बाइकों में सवार होकर कटनी पहुंचे राइडर्स

## विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किले में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शहीद स्मारक पहुंचकर दी श्रद्धांजलि





कटनी। राष्ट्रीय एकता और अखंडता का संदेश देते हुए पुलिस के जांबाज अफसरों व सिपाहियों के राइडर सोमवार की शाम कटनी पहुंचे। पुलिस अफसरों व कर्मचारियों ने भव्य स्वागत किया। शहर के मिशन चौक पर पुलिस अधीक्षक सुनील कुमार जैन ने स्वागत करते हुए रैली के आयोजन के संबंध में आवश्यक जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक श्रीजैन ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इसी तारतम्य में राष्ट्रीय एकता रैली निकाली जा रही है। कटनी से पहले टीम विजयराघवगढ़ के ऐतिहासिक किला पहुंची। यहां पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राजा सरयूप्रसाद के किले पर पहुंचकर किले का भ्रमण किया व सेनानियों को माल्यार्पण किया। कटनी में विश्राम के बाद आज मंगलवार को राइडर बुलट बाइक से छतरपुर के लिए रवाना हुए। मुख्य उद्देश्य पूरे प्रदेश में भ्रमण कर राष्ट्रीय एकता एवं अखंडता का संदेश देना है। 30 अक्टूबर को रैली भोपाल पहुंचकर समाप्त होगी। 31 को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाएगा। गौरतलब है कि शौर्य स्मारक भोपाल से 22 अक्टूबर को रैली रवाना हुई थी। सिहोर, हरदा, छिंदवाड़ा, बैतूल, सिवनी, मंडला होते हुए कटनी पहुंची। 26 राइडर व सपोर्टिंग स्टॉफ शामिल हैं। जगह-जगह रैली का स्वागत किया जा रहा है। शहीदों के स्मारकों तक पहुंचकर राइडर श्रद्धांजलि भी दे रहे हैं। विजयराघवगढ़ में एसडीओपी शिखा सोनी, विजयराघवगढ़ थाना प्रभारी सुधाकर बारस्कर सहित पुलिस स्टॉफ ने स्वागत किया। वहीं रैली के कुठला पहुंचने पर कुठला थाना प्रभारी विपिन सिंह के नेतृत्व में स्वागत किया गया।

### मिशन चौक में एसपी सहित अन्य अधिकारियों ने किया स्वागत

### इनकी रही उपस्थिति

मिशन चौक में राष्ट्रीय एकता वाहन रैली का स्वागत पुलिस अधीक्षक सहित अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज केडिया, कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह, माधवनगर थाना प्रभारी विजय कुमार विश्वकर्मा, एनकेजे थाना प्रभारी नीरज दुबे, रंगनाथ नगर थाना प्रभारी नितिन कमल, यातायात प्रभारी सूबेदार विनोद दुबे, बस स्टैंड चौकी प्रभारी प्रियंका राजपूत, उपनिरीक्षक अशोक उपाध्याय, सहायक उपनिरीक्षक शशिभूषण दुबे सहित अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# अब कलेक्टर तय करेंगे सहकारी समितियों से कितनी बिकेगी खाद

**कटनी।** प्रदेश में सहकारी समितियों के माध्यम से कितनी खाद बिकेगी, यह अब कलेक्टर तय करेंगे। अभी अधिकांश जिलों में 70 फीसद खाद समितियों के माध्यम से विक्रय की जा रही है। वहीं कुछ जिलों में 50 फीसद खाद निजी क्षेत्र के माध्यम से विक्रय हो रही है। कलेक्टरों को आंतरिक व्यवस्था बनाने के निर्देश कृषि विभाग ने दिए हैं। अभी प्रदेश में एक लाख 40 हजार टन डीएपी और चार लाख टन यूरिया उपलब्ध है। बताया जाता है कि रबी फसलों की बोवनी का काम धीरे-धीरे गति पकड़ रहा है। चना और गेहूं की बोवनी का काम तेज हो गया है। इसके कारण डीएपी की मांग भी बढ़ रही है। पिछले साल अक्टूबर में हुई बिक्री के आधार पर 90 प्रतिशत जिलों को खाद उपलब्ध कराई गई है। इसके बाद भी जहां से मांग आ रही है, वहां उपलब्धता के आधार पर आपूर्ति कराई जा रही है। राज्य सरकार ने तय किया है कि सहकारी समितियों और निजी विक्रय केंद्रों से कितनी मात्रा में खाद बिकेगी, यह कलेक्टर स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार तय करेंगे। उधर सहकारिता विभाग के अधिकारियों का कहना है कि समितियों से पात्र किसानों को सामग्री ऋण के तौर पर खाद उपलब्ध कराई जा रही है।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009




# इंटरलॉकिंग कार्य के चलते जबलपुर-हरिद्वार स्पेशल एक्सप्रेस निरस्त

**कटनी।** रेल प्रशासन द्वारा उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के सहारनपुर-मुरादाबाद और देहरादून-लक्सर रेलखण्डों पर हरिद्वार एवं लक्सर स्टेशनों के बीच दोहरी लाईन निमार्ण कार्य के चलते नॉन इंटरलॉकिंग का ब्लॉक लिया जा रहा है। जिसके कारण गाड़ी संख्या 02191/02192 जबलपुर हरिद्वार जबलपुर स्पेशल एक्सप्रेस को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 02191 जबलपुर-हरिद्वार स्पेशल एक्सप्रेस को जबलपुर स्टेशन से 27 अक्टूबर को और वापसी में गाड़ी संख्या 02192 हरिद्वार जबलपुर स्पेशल एक्सप्रेस को हरिद्वार स्टेशन से 28 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ से जानकारी प्राप्त करके ही यात्रा प्रारंभ करे।

















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)